**भारत सरकार**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या :1126**

**3 दिसंबर, 2021 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**स्वास्थ्य क्षेत्र को अनुदान**

1126. **श्री गिरीश भालचन्द्र बापट:**
**डॉ. प्रीतम गोपीनाथ राव मुंडे:**
**श्री चंद्र शेखर साहू:**
**श्री राहुल रमेश शेवाले:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने विभिन्न राज्यों के स्थानीय निकायों को स्वास्थ्य क्षेत्र अनुदान जारी किया है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में विशेष रूप से महाराष्ट्र सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) स्थानीय निकायों के चयन के लिए निर्धारित मानदंड और अनुदान की राशि का ब्यौरा क्या है;

(घ) इसके परिणामस्वरूप विभिन्न स्थानीय निकायों में स्वास्थ्य प्रणालियां कितनी मजबूत हुई हैं; और

(ड) यह राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल स्तर पर स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली में महत्वपूर्ण कमियों को किस हद तक दूर करेगा?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)**

(क) और (ख)

सरकार ने महाराष्ट्र राज्य सहित सभी राज्यों के लिए 15वें वित्त आयोग द्वारा अनुशंसित स्वास्थ्य क्षेत्र के अनुदान जारी किए हैं जिनका राज्यवार ब्यौरा अनुलग्नक-I पर दिया गया है।

(ग) से (ङ) राज्यों में उपलब्ध स्वास्थ्य अवसंरचना के आधार पर 15वें वित्त आयोग ने उन उपायों की पहचान की जो ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य अवसंरचना और सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण का प्रत्यक्ष रूप से मार्ग प्रशस्त करेंगे। स्थानीय सरकारों के माध्यम से स्वास्थ्य संबंधी इन अनुदानों से वित्त वर्ष 2021-22 से वित्त वर्ष 2025-26 तक पांच वर्ष की अवधि को कवर किया जाएगा और जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य प्रणाली के सुदृढ़ीकरण को सरल बनाएगा। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य परिचर्या अवसंरचना के उन्नयन के लिए चिन्हित घटकों के साथ-साथ वर्षवार निर्धारित राशि का सारांश अनुलग्नक-II पर दिया गया है।

अनुलग्नक-I

| 15वें वित्त आयोग अनुशंसित घटकवार स्वास्थ्य क्षेत्र अनुदान जिन्हें 2021-22 के दौरान राज्योंको जारी किया गया(30.11.2021) (करोड़ रु. में ) | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. स | राज्य का नाम | पीएचसी सुविधाकेंद्रों के लिए नैदानिक अवसंरचना हेतु सहयोग | | | ब्लॉक स्तरीय पीएचयू | यूएचडब्लूसी | भवनरहित एससी, पीएचसी और सीएचसी | ग्रामीण पीएचसी और एससी का एचडब्लूसी में रूपांतरण | कुल |
| | | एसएचसी | पीएचसी | यूपीएचसी | | | | | |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 54.7600 | 57.2500 | 14.2900 | 134.3936 | 102.8726 | 0.0000 | 124.5865 | 488.1527 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 2.8200 | 6.9600 | 1.2980 | 22.9376 | 5.2400 | 1.0400 | 6.6484 | 46.9440 |
| 3 | असम | 46.8600 | 50.6350 | 10.9725 | 5.3100 | 65.5500 | 13.3180 | 79.6054 | 272.2509 |
| 4 | बिहार | 157.1038 | 172.7900 | 27.4116 | 49.4700 | 185.4300 | 329.2900 | 194.8100 | 1116.3054 |
| 5 | छत्तीसगढ | 39.1900 | 41.0600 | 10.2270 | 13.5600 | 133.8800 | 10.7500 | 90.1274 | 338.7944 |
| 6 | गोवा | 1.6100 | 1.1700 | 0.2400 | 2.4100 | 20.4800 | 1.5400 | 3.9996 | 31.4496 |
| 7 | गुजरात | 67.4900 | 71.8800 | 17.6300 | 50.3100 | 260.7300 | 1.1700 | 160.0100 | 629.2200 |
| 8 | हरियाणा | 24.1638 | 27.8709 | 6.9833 | 28.3360 | 138.0000 | 29.4150 | 46.6100 | 301.3790 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 15.3663 | 28.4460 | 4.1376 | 1.8500 | 1.4000 | 2.6800 | 44.1300 | 98.0099 |
| 10 | झारखंड | 49.4896 | 51.4006 | 13.1000 | 24.3610 | 118.8000 | 118.5400 | 68.7071 | 444.3983 |
| 11 | कर्नाटक | 71.8500 | 103.5800 | 16.0200 | 38.2300 | 122.9300 | 10.0600 | 188.8600 | 551.5300 |
| 12 | केरल | 39.6100 | 48.3600 | 10.9400 | 30.5900 | 191.7000 | 0.5000 | 105.4300 | 427.1300 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 102.6100 | 108.7500 | 27.1700 | 28.9900 | 427.5000 | 30.0300 | 197.7492 | 922.7992 |
| 14 | महाराष्ट्र | 103.4280 | 109.6800 | 27.6675 | 61.2916 | 238.0800 | 50.0700 | 187.7898 | 778.0069 |
| 15 | मणिपुर | 3.9491 | 4.3800 | 1.0344 | 12.9536 | 9.8000 | 2.0300 | 8.7300 | 42.8771 |
| 16 | मेघालय | 6.0500 | 6.0400 | 1.5100 | 9.2500 | 23.3000 | 3.2100 | 9.2884 | 58.6484 |
| 17 | मिजोरम | 2.7200 | 2.8700 | 0.4400 | 5.2300 | 12.0100 | 0.5600 | 7.3600 | 31.1900 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 18 | नगालैंड | 3.1900 | 6.1400 | 1.0200 | 14.8900 | 22.5500 | 1.0300 | 8.1900 | 57.0100 |
| 19 | उड़ीसा | 61.7200 | 65.4673 | 18.3600 | 29.0800 | 89.1900 | 72.8300 | 125.1200 | 461.7673 |
| 20 | पंजाब | 26.1050 | 28.8800 | 7.2100 | 28.7808 | 241.7500 | 20.2300 | 46.7000 | 399.6558 |
| 21 | राजस्थान | 43.1310 | 21.3300 | 3.2400 | 27.4000 | 106.4900 | 191.3900 | 263.1900 | 656.1710 |
| 22 | सिक्किम | 1.3000 | 1.4100 | 0.1480 | 6.4400 | 8.1900 | 0.5300 | 2.9600 | 20.9780 |
| 23 | तमिलनाडु | 64.1600 | 69.2500 | 18.7500 | 77.4700 | 356.4800 | 71.2100 | 148.6080 | 805.9280 |
| 24 | तेलंगाना | 34.9300 | 35.2500 | 8.8600 | 118.2016 | 133.0992 | 2.8098 | 85.0509 | 418.2015 |
| 25 | त्रिपुरा | 7.1600 | 5.2600 | 1.2700 | 11.1020 | 41.6800 | 0.2500 | 17.3600 | 84.0820 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 217.4400 | 281.5300 | 70.3133 | 76.1024 | 424.5008 | 333.5472 | 387.3375 | 1790.7712 |
| 27 | उत्तराखंड | 13.6000 | 12.5200 | 3.2600 | 2.2200 | 81.5700 | 1.4300 | 35.4965 | 150.0965 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 97.3881 | 105.9866 | 26.3772 | 69.2197 | 287.1000 | 49.0400 | 192.9578 | 828.0694 |
| x | कुल | 1359.1947 | 1526.1464 | 349.8804 | 980.3799 | 3850.3026 | 1348.5000 | 2837.4125 | 12251.8165 |

अनुलग्नक-II

ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य परिचर्या के उन्नयन और सुदृढ़ीकरण के लिए 15वें वित्त आयोग द्वारा चिन्हित घटकों के साथ-साथ प्रत्येक घटक के लिए वर्षवार निर्धारित राशि का सारांश नीचे दिया गया है।

**ग्रामीण क्षेत्रों के लिए**

| (करोड़ रु. में) | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. स | कुल स्वास्थ्य अनुदान | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 | 2025-26 | कुल |
| 1 | प्राथमिक स्वास्थ्य परिचर्या सुविधा केंद्रों के लिए नैदानिक अवसंरचना हेतु सहयोग | 3084 | 3084 | 3238 | 3400 | 3571 | 16377 |
| | (i) उप केंद्र | *1457* | *1457* | *1530* | *1607* | *1687* | *7738* |
| | (ii)पीएचसी | *1627* | *1627* | *1708* | *1793* | *1884* | *8639* |
| 2 | खंड स्तरीय जन स्वास्थ्य इकाईयां | 994 | 994 | 1044 | 1096 | 1151 | 5279 |
| 3 | भवन रहित एससी, पीएचसी, सीएचसी | 1350 | 1350 | 1417 | 1488 | 1562 | 7167 |
| 4 | ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों और उप केन्द्रों को स्वास्थ्य एवं आरोग्य केन्द्रों में परिवर्तित करना | 2845 | 2845 | 2986 | 3136 | 3293 | 15105 |
| | कुल स्वास्थ्य अनुदान | 8273 | 8273 | 8685 | 9120 | 9577 | 43928 |

**शहरी क्षेत्रों के लिए:-**

| क्र. स | कुल स्वास्थ्य अनुदान | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 | 2025-26 | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शहरी पीएचसी में पीएचसी सुविधाओं के लिए नैदानिक अवसंरचना हेतु सहयोग | 394 | 394 | 415 | 435 | 457 | 2095 |
| 2 | शहरी स्वास्थ्य और आरोग्य केंद्र (एचडब्लूसी) | 4525 | 4525 | 4751 | 4989 | 5238 | 24028 |
| | कुल स्वास्थ्य अनुदान | 4919 | 4919 | 5166 | 5424 | 5695 | 26123 |

| | |
|---|---|
| i. (*एससी*):-उप-स्वास्थ्य केंद्र | (*पीएचसी*):-जन स्वास्थ्य केंद्र |
| ii. (सीएचसी):-सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र | (एचडब्लूसी) :-स्वास्थ्य और आरोग्य केंद्र |

*****